त्रैमासिक परीक्षा

कक्षा – नवमीं **V**

विषय– सामाजिक विज्ञान

समय– 3 घंटे पूर्णांक – 50

प्रश्न क्र. 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जो तीन खण्डों अ, ब और स में विभक्त है, प्रत्येक में 1–1 अंक निर्धारित हैं ।

प्रश्न 1. अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –

1) वास्कोडिगामा ने अपनी यात्रा प्रारंभ की –
अ) 1479 में ब) 1497 में स) 1482 में द) 1487 में

2) पर्वत प्रदर्शित किये जायेंगे –
अ) प्राकृतिक मानचित्र में ब) राजनैतिक मानचित्र में
स) प्रशासनिक मानचित्र में द) इनमें से कोई नहीं

3) दोहरी गणना करने से कुल उत्पाद वास्तविक उत्पाद से दिखाई देता है –
अ) कम ब) अधिक
स) बराबर द) इनमें से कोई नहीं

4) क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व में भारत का नम्बर है –
अ) 7 ब) 4 स) 2 द) 6

5) पैमाने से ज्ञात होता है–
अ) दो स्थानों के बीच की दूरी ब) हवा की दिशा
स) स्थान की दिशा द) इनमें से कोई नहीं

ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

1) लीबिया ----- देश का उपनिवेश था ।
2) डेल्टा की आकृति ----- होती है ।
3) मानचित्र का इतिहास ----- साल पुराना है ।
4) हिमालय एक ----- पर्वत है, जबकि अरावली पर्वत ----- पर्वतमाला है ।
5) पाप मुक्ति के लिए रेनासाँ काल चर्च ----- बेचना आरंभ किया ।

स) सत्य/असत्य बताइए –

1) झूम खेत की मिट्‌टी का हल नहीं चलाया जाता ।
2) गंगा सिंन्धु का पूरा मैदान भारत देश में ही है ।
3) चीन में बारुद का आविष्कार हुआ जिसे अग्निऔषधि कहा जाता था ।
4) अधिकांश गैर भुगतान कार्य किया जाता है ।
5) दो नदियों के बीच की भूमि को दोआब कहते हैं ।

प्रश्न क्र. 02 से 05 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है, जिसमें प्रत्येक उत्तर की शब्द सीमा 30 शब्द है, प्रत्येक में 2–2 अंक निर्धारित हैं ।

प्रश्न 2. साख कितने प्रकार के होते हैं ? नाम बताइए ।

प्रश्न 3. सू की को नजरबन्द क्यों रखा गया था ?

प्रश्न 4. निर्वाह कृषि किसे कहते हैं ?

प्रश्न 5. अदृश्य बेरोजगारी किसे कहते हैं ?

प्रश्न क्र. 06 से 08 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, जिसमें प्रत्येक उत्तर की शब्द सीमा 50 शब्द है, प्रत्येक में 3–3 अंक निर्धारित हैं ।

प्रश्न 6. केन्द्रीकृत राज्य से क्या आशय है ?

प्रश्न 7. शहरीकरण का लीबिया की जनता पर क्या-क्या प्रभाव पड़ा ?

प्रश्न 8. भाबर और डेल्टा को समझाइए ।

प्रश्न क्र. 9 एवं 10 में लघु उत्तरीय प्रश्न है, जिसमें प्रत्येक उत्तर की शब्द सीमा 75 शब्द है, प्रत्येक में 4–4 अंक निर्धारित हैं ।

प्रश्न 9. सम्मोच्च रेखाओं में कौन–कौन से लक्षण पाए जाते हैं ?

अथवा

अकबर के धर्मसहिष्णु नीति के बनने के पीछे क्या कारण रहे होंगे ?

प्रश्न 10. मार्टिल लूथर ने किन बातों को लेकर कैथोलिक चर्च की आलोचना की ?

अथवा

तराई और डेल्टा को समझाइए । https://www.cgboardonline.com

प्रश्न क्र. 11 से 12 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है, जिसमें प्रत्येक उत्तर की शब्द सीमा 100 शब्द है, प्रत्येक में 5–5 अंक निर्धारित हैं ।

प्रश्न 11. अल इदरिसी के नक्शे में ऊपर की ओर दक्षिण दिखाया है, जबकि ग्रीक द्वारा तैयार किए गये शब्दों में ऊपर उत्तर को दर्शाया गया है । ऐसा क्यों ?

अथवा

उत्तर पूर्वी राज्यों के आदिवासी किन कारणों से तेजी से विकास कर पाए हैं ?

प्रश्न 12. म्यांमार में आगे सान सू की का लोकतंत्र की स्थापना के संघर्ष में क्या योगदान है ?

अथवा

मध्यवर्ती वस्तु को उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए ।